## खबर संक्षेप

### विशेष शिविरों का लाभ उठाएं आमजन

**झज्जर** । एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को ठीक करने के लिए जिले में 22 जून तक शहरी क्षेत्र के हर एक वार्ड और प्रत्येक गांव में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। नागरिक शिविरों में उपस्थित होकर अपने जन्म तिथि को सत्यापित करवा सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपने नजदीक के शिविर में पहुंचकर पीपीपी संबंधित समस्याओं का समाधान करवाते हुए सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आहवान किया।

### विवाह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया हुई सरल

**झज्जर** : डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि सरकार ने नागरिकों की सुविधा को देखते हुए प्रदेश में विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया का सरलीकरण किया है। सरकार ने नागरिकों के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में सीटीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बीडीपीओ सहित ग्राम सचिव को मैरिज रजिस्ट्रार के रूप में नामित किया है।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें नामांकन

**झज्जर**। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन किए जा सकते हैं। इस राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे आवेदन कर सकते हैं। चयनित बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

### लाइनपार में हुआ चौगान माता का भंडारा

**बहादुरगढ़**। शहर के लाइनपार में आठवें वार्षिक चौगान माता भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सेवामूर्ति दिनेश कौशिक, हिमांशु नरेश कौशिक, रमेश राठी, कर्मवीर शर्मा, संदीप कुमार, भूपेंद्र नफे राठी व सचिन राजेश जून आदि ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पंडित बलबीर अत्री, सुमित अत्री, मुकेश पांचाल, सुनील कुमार, संदीप तंवर, अमित अत्री, हरिओम मुदगिल, मंजीत, संदीप पाराशर, अमित कुमार, रामकरण पांचाल, अजीत सिंह, प्रीतम जांगड़ा, माया देवी, बिमला देवी, कृष्णा देवी, पिंकी, मनीषा, सुष्मिता, रजनी आदि मौजूद रहे।

# बेहतरीन प्रदर्शन के बूते लोवा खुर्द दुल्हेड़ा, खेड़ी जसोर सेमीफाइनल में

## लव-कुश फुटबॉल लीग के पांचवें सप्ताह 19 मुकाबले खेले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव लोवा खुर्द में लव-कुश फुटबॉल लीग का आयोजन जारी है। लीग के पांचवें सप्ताह 19 मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया। बेहतरीन प्रदर्शन के बूते मुकाबले जीत कर लोवा खुर्द, दुल्हेड़ा, खेड़ी जसोर आदि टीमों ने सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है।

- अंडर-9 में इंडूज स्पोर्ट्स क्लब विंड ने जसोरखेड़ी को 6-4 के अंतर से हराया

अरूप दास, कमेटी प्रधान नरेश, बीजे, लाला मास्टर, सुदर्शन, संदीप, विक्की मास्टर और राजेंद्र माजरा आदि ने मुकाबलों की शुरुआत कराई। अंडर-9 में इंडूज स्पोर्ट्स क्लब विंड ने जसोरखेड़ी को 6-4 के अंतर से हराया। वहीं बुपनिया ने बहादुरगढ़ को 4-0 के अंतर से शिकस्त दी। अंडर-11 में बुपनिया ने लोवा खुर्द को 1-0 से हराया, वहीं भंभेवा ने सिटी बहादुरगढ़ को 3-0 से पराजित कर दिया। जसोरखेड़ी ए ने इंडूज क्लब ओमेक्स को 7-0 के अंतर से मात दी। एक अन्य मुकाबले में भंभेवा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए जसोरखेड़ी सी पर 10-0 के अंतर से जीत दर्ज की। इंडूज क्लब ने जसोरखेड़ी ए को 2-0 के अंतर से हराया।

अंडर-13 में लोवा खुर्द स्पोर्ट्स क्लब ने बुपनिया को 8-0 से हरा दिया। एमके फुटबॉल क्लब व इंडूज स्पोर्ट्स एचएल के बीच खेला गया मुकाबला बराबरी पर रहा। सिटी बहादुरगढ़ ने लोवा खुर्द को 6-4 के अंतर से हरा दिया।

बुपनिया ने लोवा खुर्द-बी को 4-0 के अंतर से हराया। दुल्हेड़ा ने भंभेवा को 5-2 तथा जसोरखेड़ी ने बुपनिया को 7-0 के अंतर से मात दी। भंभेवा ने लोवा खुर्द को 4-0 के अंतर से पराजित किया। वहीं जहांगीरपुर ने कैर को 6-0 से हरया। लोवा खुर्द और जहांगीरपुर के बीच खेला गया मुकाबला बराबरी पर रहा। खेड़ी जट ने 5-1 से कैर को हरा दिया। जबकि दुल्हेड़ा ने लोवा खुर्द स्टार को 9-2 के अंतर से मात दी। युवराज, शिवम, दीपांशु, वंश, निखिल, सागर, अतुल ने रेफरी की भूमिका निभाई।

कमेटी प्रधान नरेश कुमार, संदीप आदि की ओर से खिलाड़ियों के लिए ठंडे-मीठे पानी की व्यवस्था की गई। कमेटी प्रधान नरेश कुमार व संदीप ने सभी खिलाड़ियों के लिए पीने के लिए ठंडाई शरबत का इंतजाम किया।

लोवा खुर्द, दुल्हेड़ा, खेड़ी जसोर टीम ने सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया है। इस मौके पर कोच सुदर्शन, कोच विनय, मंगत राम, प्रदीप, श्रीभगवान, कोच संदीप, किमी, मुनेश, आरती आदि मौजूद रहे।



**बहादुरगढ़**। गोल करने के प्रयास में खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर**। अभियान के तहत वाहनों की जांच करते हुए पुलिसकर्मी।

# जिले भर में चिन्हित 114 स्थानों पर लगाए नाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- नियमों की अवेहलना करने पर 57 वाहनों के किए

जिला पुलिस द्वारा रविवार देर सांय सीलिंग प्लान के तहत चिन्हित स्थानों पर विशेष नाकाबंदी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की गई। डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बताया कि सांय छह बजे से रात 12 बजे तक जिला में विशेष नाके लगाकर वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया गया। जिले में चिन्हित 114 स्थानों पर नाके लगाए गए। उन्होंने बताया कि इस दौरान बिना नंबर प्लेट लगे व ब्लैक फिल्म लगे वाहनों पर विशेष निगाह रखी गई। चैकिंग के दौरान यातायात नियमों की अवेलहना करने वाले 58 वाहनों के चालान किए गए। जिनमें नौ बिना नंबर प्लेट वाहन के चालान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान आम नागरिकों की सुरक्षा, अपराधों की रोकथाम व किसी भी घटना दुर्घटना से निपटने को ध्यान में रखते हुए चलाया गया।

# झज्जर रोड पर छबील लगाकर राहगीरों की बुझाई प्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के झज्जर रोड स्थित पूर्व विधायक नरेश कौशिक के कार्यालय पर निर्जला एकादशी के अवसर पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। उनके बेटे हिमांशु कौशिक ने छबील पर राहगीरों को शीतल जल पिलाया। इसमें प्रवीण वत्स, मनीष पहलवान, मन्नू मांडोठी, बसंत कौशिक, सुरेंद्र शर्मा, मोहित कौशिक, सौरभ व राव नरेश आदि ने जल वितरण सेवा की। हिमांशु के अनुसार निर्जला एकादशी का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए हमें समय-समय पर छबील लगाते रहना चाहिए।

## छबील में पानी पीकर बुझाई प्यास



**बहादुरगढ़**। सोमवार को निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर झज्जर रोड स्थित भीम सिंह प्रणामी के कार्यालय पर छबील लगाई गई। इसमें भीम सिंह दलाल, डॉ दुष्यंत काजला, अनिल प्रधान, मंडल अध्यक्ष सोनू मान, रामफल फौजी, गौरव, दीपक, भूपेंद्र, रोहित, गौतम, विक्की, दीपक मान, रजनीश मान आदि ने जल सेवा की। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता भीम सिंह प्रणामी ने बताया कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। राहगीरों ने उनके इस सेवा भाव को खूब सराहा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में हमें इस तरह की छबील लगानी चाहिए ताकि प्यासे को पानी मिल सके।

# अमेरिका एनएएसए एनएसएस आईएसडीसी सम्मेलन -2024 में श्री चैतन्या स्कूल ने मचाया धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अमेरिका एनएएसए एनएसएस आडएसडीसी सम्मेलन -2024 मेंश्री चैतन्या सकूल ने धूम मचाया। श्री चैतन्या स्कूल की अकादमिक डॉयरेक्टर सीमा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, अमेरिका के एनएएसए के निर्देशन में एनएसएस के द्वारा चलाए गए आईएसडीसी सम्मेलन में दुनियां के चारों ओर करीब 30 देशों के सैकड़ों छात्र उपस्थित हुए उनमें 167 छात्र श्री चैतन्या स्कूल के ही हैं। विशेष बात यह है कि दुनिया के किसी भी विद्या संस्था के इतने सारे छात्र इस सम्मेलन में चयनित नहीं हुए। हाल में आयोजित अमेरिका के एनएएसए के निर्देशन में एनएसएस के द्वारा चलाए गए 'स्पेस सेटिलमेंट कॉन्टेस्ट' में सिर्फ भारत से ही 28000 छात्र शामिल हुए लेकिन एक मात्र श्री चैतन्या से - ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 639 छात्रों ने भाग लिया । चैतन्या की अकादमिक डायरेक्टर सीमा ने कहा कि इन 62 विभिन्न प्रोजेक्ट वर्ल्ड फस्ट प्राईज सात प्रोजेक्टों को, वर्ल्ड सेकेंड प्राईज 1 प्रोजेक्टीं को, वर्ल्ड तृतीय प्राईज 15 प्रोजेक्टों को और 29 प्रोजेक्टों को आनेरुबल मेंशनस मिला है। इस संदर्भ में उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से प्रेसमीट आयोजित कर छात्रों को बधाई दी।




# पुलिस हिरासत से फरार बदमाश क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

**नई दिल्ली**। क्राइम ब्रांच ने पुलिस हिरासत से भागे भगौड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। एंटी एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल की टीम के हत्थे चढ़ा यह बदमाश पांच मामलों में वांछित था। तीन में इसे भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। आरोपी राधे श्याम त्रिनगर का रहने वाला है। इसके खिलाफ हौजखास थाने में भी केस दर्ज था। पुलिस के मुताबिक आरोपी राधे श्या पर बलात्कार, धोखाधड़ी-जालसाजी और पुलिस हिरासत से भागने सहित कुल आपराधिक मामले दर्ज थे। आरोपी 8 सितंबर 2021 को उस समय पुलिस हिरासत से फरार हो गया था जब इसे एम्स में इलाज के लिये ले जाया गया था। उस समय यह ग्रेटर कैलाश थाने के पुलिस कर्मियों की हिरासत में था। इस मामले में कोर्ट ने इसे पीओ घोषित किया गया था। हाल ही में मुखबिरों से इसके बारे में जानकारी पुलिस को मिली थी। इसके बाद गेट नंबर तीन, सेंट स्टीफन अस्पताल, तीस हजारी से इसे दबोचा गया। 42 वर्षीय आरोपी 10वीं कक्षा तक पढ़ा है। एक मध्यम वर्गीय परिवार से है।



# बीस रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख का बीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

एसडीएम रविंद्र मलिक ने बताया कि आम नागरिक नाममात्र राशि में अपना बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के फार्म हर एक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष आयु के व्यक्ति नामांकन करवा सकते है। योजना के तहत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम जमा करवाना होता है तथा इससे दो लाख रुपये के जीवन बीमा का संरक्षण मिलता है। वहीं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक दुर्घटना बीमा योजना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष तक के नागरिक अपना दुर्घटना बीमा करवा सकते है। केवल बीस रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर इस योजना में दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा संरक्षण प्राप्त होता है।

# शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था, दो दिनों से नहीं उठाया कूड़ा, बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर में इन दिनों चरमराई सफाई व्यवस्था के कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि दो दिनों से शहर में कूड़ा नहीं उठाया गया है। जिसके कारण विभिन्न चौक-चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है। दिनभर उठने वाली दुर्गंध के कारण लोगों का जीना मुहाल हो रखा है। लेकिन संबंधित इकाई द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण आमजन में रोष भी बना हुआ है। लोगों ने नगर परिषद पर कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि दो दिनों से गली-मौहल्लों में भी कूड़े के ढेर लगे है। डोर टू डोर कूड़ा उठान वाली गाड़ियां भी नहीं पहुंच रही है। नियमित रूप से सफाई नहीं होने के कारण शहर में कूड़े के ढेर ही दिखाई दे रहे है। हालांकि अधिकांश शहर की यहीं स्थिति है, लेकिन पुराना बर्फखाना रोड की हालत सबसे ज्यादा दयनीय है। कूड़े के ढेर फैल कर सड़कों तक पहुंच रहे है। लेकिन फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द समस्या का समाधान नहीं होता है तो सीएम विंडो पर शिकायत की जाएगी।




**झज्जर**। पुराना बर्फखाना रोड स्थित शिव चौक पर लगे कूड़े के ढेर।

# पुरानी दिल्लीः 200 साल पुरानी मस्जिद ढही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पुरानी दिल्ली के चूड़ीवालन इलाके में अचानक जमीन धंस जाने के कारण वहां मौजूद मस्जिद जमींदोज हो गई। जमीन घंसने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। आसपास कोई खुदाई भी नहीं थी। घटना के किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। मिली सूचना के अनुसार करीब 25 साल पहले मस्जिद का मरम्मत और पुननिर्माण हुआ था। आसपास के लोगों का दावा है कि मस्जिद करीब 200 वर्ष पुरानी थी। सोमवार सुबह 11:30 बजे जमीन धंसते हुए देखी गई तो पुलिस से लेकर नगर निगम और फायर को इसकी जानकारी दी गई। एहतियातन आसपास के मकानों को खाली करा लिया गया था। मौके पर एमसीडी से लेकर पुलिस के जवान मौजूद थे। इलाके की बिजली कटवा दी गई थी। दोपहर बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि मस्जिद के पिलर काफी कमजोर हो गए थे।मस्जिद गिरने की घटना को लेकर दिल्ली नगर निगम प्रशासन का कहना है कि वार्ड नंबर 78 सीता राम बाजार में चूड़ीवालान रोड पर मस्जिद का कुछ हिस्सा गिर गया लेकिन घटनास्थल पर कोई जान की हानि नहीं हुई है। घटनास्थल पर बैरिकेटिंग की गई। मस्जिद गिरने से पहले एमसीडी स्टाफ पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गया था।

# सेक्टर-13 में लगा मूल्यनिष्ठ बाल विकास कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-13 स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर बच्चों के लिए मूल्यनिष्ट बाल व्यक्तित्व विकास समर कैंप का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों ने इसमें भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। बीके रेणु दीदी ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर संस्कारों को जागृत करना, क्रियाकलापों के माध्यम से बच्चों के अंदर भारतीय संस्कृति, योग आसन व मेडिटेशन द्वारा एकाग्रता को जागृत करना है।

समर कैंप में 7 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों ने भाग लिया। योगाचार्य बीके लवकेश ने बच्चों को योगासन प्राणायाम के लाभ बताते हुए अच्छी खान-पान की आदतों के प्रति उन्हें जागृत किया। बच्चों ने खेल-खेल में योग कर अनेक अच्छी आदतों को सीखा। बीके निधि बहन ने बच्चों को आंतरिक सौंदर्य के बारे में बताते हुए कहा कि बाहरी कलाओं के साथ-साथ बच्चों में अंदर ईमानदारी व आज्ञाकारिता आदि गुणों का होना भी अत्यंत आवश्यक है। साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट की टीचर ललिता बहन ने बच्चों को बहुत सुंदर कृतियां बनाना सिखाया। बीके ममता दीदी ने बच्चों को मेडिटेशन करवाते हुए उन्हें एकाग्रता शक्ति को बढ़ाने का अभ्यास कराया। किला मौहल्ला स्थित शाखा में भी बच्चों के लिए ऐसा ही समर कैंप आयोजित कर बच्चों को लाभान्वित किया गया। कैंप में बीके दीपा बहन, अनु बहन, रेखा बहन, सुदेश बहन व दृष्टि बहन ने भी बच्चों को प्रेरित किया।



**बहादुरगढ़**। सेक्टर-13 मे लगे समर कैंप में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# पीड़ित ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ा

बहादुरगढ़। रेलवे स्टेशन पर गंभीर अवस्था में मिले एक व्यक्ति ने पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को वहां की मोर्च्युरी में रखवा दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस पहचान के प्रयास कर रही है। मौत के कारणों की पुष्टि पीएम रिपोर्ट से हो पाएगी। जानकारी के अनुसार, 15 जून को बहादुरगढ़ के रेलवे स्टेशन परिसर पर एक व्यक्ति बेसुध हालत में देखा गया। संभवतः मिर्गी के दौरे आने से उसकी तबीयत बिगड़ी थी। आसपास राहगीरों ने उसको संभाला और रेलवे पुलिस को सूचना दी। तब पीड़ित को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। लेकिन उसकी हालत गंभीर थी। इसके बाद उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। रविवार को उपचार के दौरान व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। यह सूचना पाकर जीआरपी से जांच अधिकारी पीजीआई पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। एचसी धर्मेंद्र का कहना है कि व्यक्ति को दौरे पड़े थे। जिसके बाद उसकी हालत नाजुक हो गई थी। उसके कपड़ों से पहचान संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिला। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास लगते तमाम-चौकी थानों में सूचना जारी कर दी गई है।

# फादर्स डे पर कर दिया बेटी का कत्ल

## कंझावला : युवती अपनी पंसद से करना चाहती थी शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

फादर्स डे पर रविवार को एक शख्स ने कंझावला इलाके में अपनी बेटी का बेरहमी से कत्ल कर दिया। आरोपी की बेटी परिवार के खिलाफ जाकर अपनी पसंद के लड़के से शादी करना चाहती थी। रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। नंद किशोर (46) के पास से वारदात में इस्तेमाल पेपर कटर भी बरामद हो गया है।

डीसीपी डॉ गुरइकबाल सिंह सिद्धू ने सोमवार को बताया कि 16 जून को 8 बजकर 53 मिनट पर प्रेम प्याऊ चांदपुर रोड के पास खेत में एक लड़की का शव पाया गया था। पुलिस मौके पर पहुंची और 21 साल की युवती की लाश कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये भिजवाई। मृतका की गर्दन और पेट में गहरे जख्म थे। कंझावला थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। लोकल पुलिस के साथ ही स्पेशल स्टाफ को भी केस में लगाया गया। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए। जांच में पता चला कि मृतका प्रेम नगर इलाके में परिवार के साथ रहती थी। टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पुलिस की जांच लड़की के परिजनों पर केंद्रित हुई। जिसके बाद उसके पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### बेटी की शादी कहीं और करना चाहता था आरोपी

पिता ने बेटी की हत्या का जुर्म कबूल लिया। आरोपी नंद किशोर प्रेम नगर इलाके में किराए के मकान में रहता था। वह कांच फिटिंग का काम करता था। उसने बताया कि रात को कैब बुक कराकर बेटी को यहां लेकर आया था। इसके बाद उस पर पेपर कटर से हमला कर हत्या कर दी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी बेटी की शादी कहीं और करना चाहता था, लेकिन उसकी बेटी इसके लिए राजी नहीं थी।

## खबर संक्षेप

### महिला की चेन झपटकर बाइक सवार फरार

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 व 5 के लिंक रोड पर बाइक सवार दो-तीन युवक एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। पुलिस शिकायत में नीलम रानी ने बताया कि वह अपनी बेटी को साथ लेकर सब्जी खरीदने के लिए घर से निकली थी। लिंक रोड पर पहुंचने के बाद बाइक पर पीछे से आए दो-तीन युवक उसके गले की चेन झपटकर फरार हो गए। उसने काफी शोर मचाया, लेकिन बाइक सवार बाइपास रोड की ओर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### पुलिस चौकी के लिए गया व्यक्ति लापता

**नाहड़।** पुलिस चौकी आने के लिए घर से निकला एक व्यक्ति लापता हो गया। पुलिस शिकायत में झज्जर के खेतीवास निवासी नानक ने बताया कि उका पिता कर्मू नाहड़ के एक व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस चौकी में बुलाया गया था। 12 जून को उसका पिता पुलिस चौकी जाने के लिए घर से निकला था। शाम तक उसका पिता नाहड़ निवासी सुमेर सिंह के साथ। इसके बाद से उसका पिता लापता है। काफी तलाश करने के बाद भी उसके पिता का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### इंटरव्यू देने के लिए कंपनी गया युवक गायब

**रेवाड़ी।** कृष्णा नगर में अपनी बहन के घर आने के बाद कंपनी में इंटरव्यू देने के लिए गया एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में कृष्णा नगर में रहने वाली मूल रूप से उत्तराखंड निवासी रजनी ने बताया कि उसका भाई 20 वर्षीय आशीष उसके पास मिलने के लिए आया था। 14 जून वह एक कंपनी में इंटरव्यू देने की बात कहते हुए घर से निकला था। शाम तक उसके वापस नहीं आने पर जब संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद रहा था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी।

### कार की चपेट में आकर दुकानदार घायल

**रेवाड़ी।** पोसवाल चौक के पास कार चपेट में आने से एक दुकानदार घायल हो गया। शक्ति नगर निवासी टेकचंद ने दुकान की हुई है। शाम के समय वह दुकान बंद करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। पोसवाल चौक के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। कार चालक मौके से फरार हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी।

### गर्दन काटने की धमकी का आरोपी गिरफ्तार


**रेवाड़ी।** परशुराम कॉलोनी में अपने जीजा की गर्दन काटने की धमकी देने के आरोपी को मॉडल टाउन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने 14 जून को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि उसका साला नवीन आपराधिक प्रवृत्ति का है। अपनी मां की जायदाद हथियाने के लिए वह बार-बार गर्दन काटने की धमकी दे रहा है।

---

कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

# बीए और बीसीए में हो रहे सर्वाधिक आवेदन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**


**बहादुरगढ़।** एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करती छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

■ स्कूल के बाद कॉलेजों में पढ़ने के लिए आतुर विद्यार्थी लगातार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में शामिल हो रहे

स्कूल के बाद कॉलेजों में पढ़ने के लिए आतुर विद्यार्थी लगातार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। विदित है कि उच्चतर शिक्षा विभाग के अनुसार कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। इसके लिए अंतिम तारीख 25 जून है। फिलहाल सभी कॉलेजों में हुए आवेदनों के आधार पर बीए और बीसीए सर्वाधिक पसंद किए जा रहे विषय हैं।

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार रंगा के अनुसार बीए मॉर्निंग की 320 सीटों के लिए 381, बीए इवनिंग की 200 सीटों के लिए 60, बीबीए की 40 सीटों के लिए 54, बीकॉम की 180 सीटों के लिए 66, बीसीए की 60 सीटों के लिए 146, बीएससी लाइफ साइंस की 60 सीटों के लिए 35 और बीएससी फिजिकल साइंस की 120 सीटों के लिए 27 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। राजकीय महाविद्यालय बादली की मीडिया प्रभारी डॉ. पूनम ने बताया कि बीए में 400 सीटों के लिए 140, बीए भूगोल की 40 सीटों के लिए 3, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 11, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 15, बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 18 और बीएससी केमिस्ट्री की 40 सीटों के लिए 17 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. सुनैना के अनुसार यहां बीए की 160 सीटों के लिए अब तक 18 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके अलावा राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में बीए की 280, बीकॉम की 120, बीएससी लाइफ साइंस की 20 और बीएससी फिजिकल साइंस की 20 सीटें उपलब्ध हैं। छारा के राजकीय महाविद्यालय में बीए की 240, बीकॉम की 60, बीएससी लाइफ साइंस और बीएससी फिजिकल साइंस की 80-80 सीटों के अलावा वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए की 160, बीकॉम की 160, बीएससी फिजिकल साइंस की 60 तथा बीसीए की 180 सीटें उपलब्ध हैं।

---

# नए कानून के लागू होने से पीड़ित को न्याय मिलने में लगेगा कम समय : आशीष शर्मा

■ नए कानून में महिलाओं बच्चों को प्राथमिकता दी गई है और सजा का प्रावधान भी बढ़ाया गया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**


**झज्जर।** पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए सहायक प्रोफेसर आशीष शर्मा।

सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में तीन नए कानून के बारे में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कारम यूनिवर्सिटी पाटोदा के सहायक प्रोफेसर आशीष शर्मा व अवनिका शर्मा ने पुलिस के अनुसंधानकर्ताओं को एक जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 150 साल ब्रिटिश काल से चले आ रहे कानून को समाप्त कर दिया गया है क्योंकि वे कानून आज के समय में न्याय दिलाने में सही नहीं बैठ रहे थे। नए कानून के आने से जहां पीड़ितों को न्याय दिलाने में कम समय लगेगा वही इन कानून में टेक्नोलॉजी को भी शामिल किया गया है। इस कानून के लागू होने से शिकायतकर्ता अपने घर से ही ऑनलाइन माध्यम से ई-एफआईआर दर्ज कर सकता है। इन नए कानून में महिलाओं बच्चों को प्राथमिकता दी गई है और सजा का प्रावधान भी बढ़ाया गया है। इसके साथ ही नए कानून में पुलिस को भी कई तरह की शक्तियां प्रदान की गई है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है इस कानून को व्यवस्थित रूप से लागू करने के लिए अनुसंधानकताअरं को पहले ही इन नए कानून के बारे में जानकारी देना है ताकि इन नए कानून को अच्छी तरह से लागू किया जा सके।

---

# श्री श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**


**झज्जर।** श्री श्याम बाबा के भजन प्रस्तुत करते हुए गायक कलाकार। फोटो :हरिभूमि

शहर के अंबेडकर चौक स्थित श्रीश्याम अखंड ज्योति मंदिर में वार्षिकोत्सव के दौरान जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। समिति प्रधान पंडित सुभाष दीवान ने बताया कि शाम सात बजे से रात्रि दस बजे तक भंडारा तथा शाम 8 बजे से प्रभु इच्छा तक हुए जागरण में श्री श्याम बाबा के भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमें। पूरा मंदिर परिसर भक्ति से सरोबार रहा और श्रद्धालु बाबा श्री श्याम जी के जयकारें लगाते रहे। इस दौरान आजाद दीवान, बृजमोहन कौशिक, मनोज दीवान, भारत दीवान, मनोज कौशिक, कृष्ण पहलवान, सोमवीर अत्री, बाल किशन, रवि राजस्थानी, नीरज भगतजी, दिनेश सिंगला, दिनेश प्रजापत, मोनू भगत, तुषार, मोंटी, रविंद्र सैनी, वेद सैनी, जगदीश, मदन, उमाशंकर वशिष्ठ, कुलदीप डबास, सूबे हरित, प्रवीण, सुनील सैनी, राजकुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# पीपीपी की त्रुटियों के लिए लग रहे कैंप


**बहादुरगढ़।** कैंप में पीपीपी की त्रुटियां दुरुस्त करती टीम। फोटो :हरिभूमि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

शहर के विभिन्न वार्डों के साथ ही गांवों में भी परिवार पहचान पत्रों की त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए लगातार कैंप लग रहे हैं। शहर के लाइनपार स्थित सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में भी सोमवार को पीपीपी की त्रुटियां ठीक करने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें अध्यापिका रेखा और पूनम ने सीएससी ऑपरेटर सुमित की सहायता से गलतियां दुरुस्त की। धर्मशाला के प्रधान प्रवीण शर्मा और महासचिव सतीश शर्मा ने सरकार के इस सुधार शिविरों की सराहना की।

---

# समस्याओं के समाधान की मांग दोहराई

■ कर्मबीर राठी ने सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**


**बहादुरगढ़।** कर्मबीर राठी को मांग पत्र सौंपते सेक्टर-6 निवासी। फोटो :हरिभूमि

शहर के सेक्टर-6 निवासियों ने सोमवार सुबह पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी के समक्ष स्थानीय समस्याओं का पिटारा खोला और इनके समाधान की मांग दोहराई। सेक्टर-6 के पार्क नंबर-12 में पहुंचे कर्मबीर राठी से लोगों ने कहा कि यहां बैठने के लिए 25 बेंच रखवाए जाएं, एक और छतरी की व्यवस्था की जाए, 50 पौधे और ट्री गार्ड लगाए जाएं, 6 फुट चौड़ा आरसीसी का फुटपाथ बनवाया जाए, 4 कूड़ादान रखवाए जाएं, दीवार की मरम्मत कर रंग रोगन का करवाया जाए, सोलर लाइट की मरम्मत की जाए, अतिरिक्त झूले लगाए जाएं, लेवल करके घास लगवाई जाए, पत्थर की टेबल लगवाई जाए और ओपन जिम की सभी मशीनों की मरम्मत करवाई जाए। चेयरमैन सरोज राठी के प्रतिनिधि के रूप में कर्मबीर राठी ने सभी समस्याओं का समाधान करवाने तथा अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नरेश, सहदेव दहिया, राजकुमार, देवेंद्र धनखड़, पीएस सभरवाल, महेश कुमार व दीपक आदि मौजूद रहे।

---

### शिविर में शिकायतों का हो रहा प्राथमिकता से निपटारा

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। अभी तक आयोजित हो चुके पांच शिविरों में 494 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को शिकायतकर्ता की पीपीपी आईडी, संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। नीतिगत मामलों से जुड़ी शिकायतों को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा रहा ताकि नियमानुसार उन पर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पीपीपी, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस विभाग व नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो वह शिविर में लाई जा सकती है।



**झज्जर।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

---

# नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा : बलबीर सिंह

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**


**बहादुरगढ़।** मोदी सरकार बनने पर बधाई देते एडवोकेट बलबीर सिंह।

वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट बलबीर सिंह के अनुसार प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा।

एनडीए की सरकार बनने पर खुशी जताते हुए हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष ने दुष्प्रचार कर जनता को खूब बहकाया, लेकिन जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाई। एडवोकेट बलबीर सिंह ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने के साथ कई कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उनके अनुसार हरियाणा से तीन मंत्री बनने पर प्रदेश के विकास को गति मिलेगी। प्रदेश में विकास की नई योजनाएं शुरू होगी। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार सभी विधानसभा में समान रूप से विकास करवा रही है। मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए नायब सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने हरियाणा में भी लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने का दावा किया।

---

### ताला तोड़कर मकान पर कब्जा करने का आरोप

**बहादुरगढ़।** लाइनपार क्षेत्र में एक मकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मकान मालिक को धमकी मिली है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की हकीकत तफ्तीश का विषय है। मामला छोटूराम नगर का है। मांडोठी के निवासी शमशेर सिंह का कहना है कि करीब चार महीने पहले उसने छोटूराम नगर में 40 गज का मकान खरीदा था। मेरे इस मकान का चंद दिनों पहले छोटूराम नगर की एक महिला ने ताला तोड़ दिया और अपना सामान रखकर कब्जा कर लिया है। मैंने उससे सामान निकालने, कब्जा छोड़ने के लिए कहा तो वह नहीं मानी। वह महिला और उसके पति ने मकान खाली करने से इंकार कर दिया और धमकियां देने लगे। बोले कि दोबारा मकान खाली करने को कहा तो जान से मरवा देंगे। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। मामले में जांच की जा रही है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। जांच पूर्ण होने के बाद कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।

---

# दिवंगत पुत्र की याद में लगाया लंगर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**


**झज्जर।** छिकारा चौक पर लगाए लंगर में प्रसाद ग्रहण करते हुए लोग। फोटो :हरिभूमि

सोमवार को शहर के छिकारा चौक पर समाज सेवी पूनम देशवाल द्वारा लंगर लगाया गया। पूनम देशवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष 17 जून को उनके दिवंगत पुत्र की याद में लगाती है। उनके पुत्र अक्षय की मृत्यु 2017 में सड़क दुर्घटना में हुई थी तब से वो अकेली रहती है तथा समाज की भलाई के लिए कार्य करती रहती है। वे सड़क सुरक्षा को लेकर स्कूलो में विद्यार्थियों को जागरूक भी करती रहती है। इसके अलावा पशु-पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना, रक्तदान शिविर लगाना, प्रवासी मजदूरों के बच्चों को शिक्षा देना, अन्नपूर्णा रसोई में लंगर की सेवा देने आदि का कार्य करती है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने कीमती समय में से कुछ समय जरूरतमंदों की सहायता में लगाना चाहिए ताकि अपने जीवन को सार्थक बना सके। हमारे छोटे छोटे प्रयास मिलकर समाज में बड़ा बदलाव ला सकते है। इस अवसर पर एडवोकेट बीडी मिश्रा, नमय, मनोज कुमार, साहिल बिब्यान, यश जांगड़ा, योगेश, साहिल, संदीप, प्रवीन, लक्ष्य, पवन, विकास धनखड़, विकास कौशिक, संदीप देशवाल, मनजीत, हैप्पी, प्रीति, अर्चना, अंकित, जतिन अग्रवाल, प्रयाग, कन्नू, विनोद दहिया, प्रेम मलिक, सुशीला, शुभकिरण, स्नेह लता आदि ने अपनी सेवाएं दी।

---

**परेशानी** अधिकारियों को जानकारी, नहीं लिया जाता है एक्शन

# स्टैंड नीचे, फिर भी पंजाबी बाग फ्लाईओवर से चल रही कई सरकारी बसें, यात्री परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार के तहत चलने वाली डीटीसी और डिम्ट्स के कुछ बस चालक जमकर मनमानी कर रहे हैं और रात के समय का फायदा उठाकर डीटीसी बस स्टैंड पर बस नहीं ले जाकर पंजाबी बाग फ्लाईओवर से ही बसों को लेकर चले जाते हैं। जबकि बस यात्री बसों के लिए नीचे बस स्टैंड पर इंतजार करते रहते हैं। बता दें कि पंजाबी बाग गोल चक्कर के पास बने बस स्टैंड (आजादपुर की तरफ) पर अक्सर बस नहीं रोकने की शिकायत मिलती रहती हैं और इन दिनों फिर से बसों को कई बस चालक उपर से बस लेकर चले जाते नजर आते हैं। वहीं, यात्रियों का कहना है कि रात के समय सड़क पर कोई भी चैकिंग नहीं होती है इसलिए कुछ बस चालक पंजाबी बाग फ्लाईओवर के उपर से ही बसों को लेकर चल जाते हैं। जबकि दिल्ली सरकार बस यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए नई नई एसी बसें लेकर आ रही हैं। बता दें कि दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और डिम्ट्स प्रशासन को इस विषय में कई बार जानकारी दी गई है लेकिन ऐसे चालकों पर प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। हालांकि डीटीसी प्रशासन अपनी बसों के बेहतर संचालन को लेकर समय समय पर मार्ग परिवर्तन की अग्रिम सूचना नागरिकों व यात्रियों को देता रहता है ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े लेकिन डीटीसी और डिम्टस के ही कुछ चालक निगमों को ताक पर रखकर चल रहे है। बता दें कि पंजाबी बाग बस स्टैंड का मामला पुराना है और डीटीसी प्रशासन के संज्ञान में हैं लेकिन उसके बाद भी प्रशासन सुस्त है और यात्रियों का सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।



---

# दामाद ने दोस्त के साथ मिलकर की थी ललिता की हत्या

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल**

## ससुर की बीमा राशि हड़पने को किया मर्डर




थाना बावल पुलिस ने बीते सप्ताह एग्रीकल्चर कॉलेज के निकट मिले महिला के शव मामले में हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक के दामाद को हिरासत में लिया है, जिसने दोस्त के साथ मिलकर सास की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया जाएगा।

खुर्मपुर निवासी विधवा महिला ललिता का शव एग्रीकल्चर कॉलेज के पास सड़क किनारे गड्ढों में पड़ा मिला था। मृतका के चेहरे को बुरी तरह कुचला हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद मृतक के भाई के बयान पर हत्या का केस दर्ज ऑफ क्राइम टीम ने भी अपने स्तर पर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि मृतका का दामाद संदीप ही उसे बाइक पर कारण संदेह की सुई संदीप की ओर घूम रही थी। जांच के बाद पुलिस ने मृतका के दामाद चरखी दादरी के एक गांव निवासी संदीप को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार संदीप ने अपनी सास की हत्या दोस्त के साथ मिलकर किए जाने की बात स्वीकार की है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर हत्या के पूरे राज खोलेगी।

### ससुर की बीमा राशि पर थी संदीप की नजर

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ललिता के पति की 2 साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उसके क्लेम का केस चल रहा है। इसमें से 5 लाख रुपये ललिता को मिले थे, जिसमें से 1.5 लाख रुपये संदीप ने हासिल कर लिए थे। बीमा की दूसरी किश्त के रूप में बड़ी राशि मिलने वाली थी। संदीप को आशंका थी कि उसकी सास दूसरी शादी करेगी, जिससे उसके हाथ से यह रकम निकल जाएगी। इसी वजह से उसने दोस्त के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

## खबर संक्षेप

### लाइनपार में स्मैक सहित गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार थाना पुलिस ने स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि कमल विहार का निवासी एक युवक नशीला पदार्थ बेचता है। फिलहाल वह डिग्गी वाला रोड पर ग्राउंड में इसी मंशा से मौजूद है। इस सूचना पर टीम वहां गई और उसे काबू कर लिया। आरोपी की पहचान शिवम के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास 1.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

### चोरीशुदा बाइक सहित आरोपी को दबोचा

**बहादुरगढ़।** आसौदा थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरीशुदा बाइक भी बरामद की गई है। आसौदा थाना प्रभारी सुनील कुमार के मुताबिक, जसोरखेड़ी के निवासी श्रवण ने शिकायत दी थी कि उसने अपनी बाइक 16 जून को एक दुकान के सामने खड़ी की थी। दूध लेने के लिए दुकान में चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक नहीं मिली। इस शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले में एक आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। जसोरखेड़ी का ही रहने वाला है। उससे चोरीशुदा बाइक बरामद कर ली गई है।

### नौ लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवाया

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने 9 लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवाया। रविवार को आयोजित निशुल्क नेत्र जांच कैंप में जांच के दौरान इन्हें ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया था। रविंद्र वर्ष-2016 से हर रविवार को ऐसे कैंप लगा रहे हैं। वे अब तक 3234 लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि समाजहित व जनहित के सेवा कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता है।

### योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आज

**बेरी।** आयुष अधिकारी डॉक्टर परमवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम रविंद्र मलिक करेंगे। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## छुछकवास-जहाजगढ़ मार्ग पर हादसा, एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, मार्ग रहा अवरूद्ध

# ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग, एक चालक की मौत, दूसरे ने कूद कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सोमवार दोपहर बाद करीब सवा दो बजे छुछकवास-जहाजगढ़ मार्ग पर पर तेज गति से आ रहे दो ट्रकों की आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर लगने के बाद ट्रकों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप धारण कर लिया। जिसके कारण एक ट्रक चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई जबकि दूसरे ट्रक का चालक बीच में फंसा रह गया। जिसके कारण उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बाद में राहगीरों द्वारा सूचना फायर बिग्रेड और पुलिस को दी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की कड़ी मशकक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझने के उपरांत शव को बाहर निकाला गया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई है।

### एक घंटे तक लगा जाम

आग लगने के कारण करीब एक घंटे तक मार्ग पूर्णतया अवरूद्ध हो गया और जाम लग गया। जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हुई।






झज्जर। टक्कर लगने के बाद ट्रकों में लगी भीषण आग व उठता हुआ धुंआ। फोटो: हरिभूमि

ऐतिहयात के तौर पर रूट डायवर्ट कर वाहनों को दूसरे रास्ते से भेजा गया।

### मृतक चालक की नहीं हुई पहचान

इस संबंध में बेरी थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दो ट्रकों में टक्कर लगने के बाद आग लग गई थी। जिसमें एक चालक की मौत हो गई है। शव की पहचान नहीं हो पाई है।



झज्जर। आग बुझाने का प्रयास करते हुए फायर बिग्रेड कर्मी। फोटो: हरिभूमि

### एक ट्रक खाली तो दूसरे ट्रक में भरा था क्रेशर

जानकारी अनुसार एक ट्रक गांव जहाजगढ़ की ओर से छुछकवास जा रहा था, जोकि खाली था। जबकि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक में क्रेशर भरा हुआ था। जैसे ही दोनों गाड़ियां छुछकवास गांव के नजदीक पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी दोनों में टक्कर हो गई और फिर उनमें आग लग गई।

### आसमान में छाया धुंए का गुबार, बना आग का गोला

हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि टक्कर लगने के बाद आग किन कारणों से लगी। लेकिन आग इतनी तेजी से फैली की आग की लपटे दूरदराज क्षेत्र तक देखी गई। चिलचिलाती धूप के बीच आग को बुझाने में दमकल विभाग कर्मियों को भी काफी मशकक्कत करनी पड़ी। करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।



झज्जर। कबाड़ी की दुकान से हथियार के बल पर लूटपाट करने के मामले में पकड़े गए आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो: हरिभूमि

# हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले पांच आरोपियों को पकड़ा

- आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई दो बाइक, एक सेंट्रो कार, एक पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेरी

पुलिस की एक टीम द्वारा कबाड़ी की दुकान से हथियार के बल पर लूटपाट करने मामले में कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी बेरी प्रभारी सतवीर सिंह ने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एएसआई जयपान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पांच आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र व प्रदीप निवासी बेरी, विपिन निवासी दुल्हेडा, कुलदीप निवासी रोहतक और विकास निवासी गोहाना के तौर पर की गई है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने वारदात का खुलासा किया है। आरोपियों से वारदात में प्रयोग की गई एक गाड़ी, दो मोटरसाइकिल, एक पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी विकास पर जानलेवा हमला करने, अवैध हथियार, लड़ाई झगड़े के चार आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए झज्जर अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## तबीयत बिगड़ने से दो लोगों की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गई। बीमारियों से मौत होने की आशंका है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए हैं। दोनों मामलों में 174 के तहत कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पहला मामला लाइनपार के छोटूराम नगर का है।

मृतक की पहचान दिवाली के रूप में हुई। बिहार मूल का दिवाली यहां छोटूराम नगर में किराये के मकान पर रहता था और एमआईई वन में एक फुटवियर कंपनी में काम करता था। रविवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे संभाला तो उसकी सांसे थम चुकी थी। सूचना मिलते ही लाइनपार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगामी कार्रवाई शुरू कर की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

दूसरा मामला गांव परनाला का है। बिहार मूल का कुनाल परनाला गांव में अपने साथी अभिषेक कुमार के साथ किराये के मकान पर रहता था और वैल्डिंग का काम करता था। आशंका है कि उसकी मौत किसी बीमारी के चलते हुई हो। सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। उसी बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शहर की सभी मस्जिदों में अता की गई ईद उल अजहा की नमाज

- नमाजियों ने मुल्क व कौम की तरक्की, सुख-शांति के लिए दुआ मांगी और अल्लाह के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया



बहादुरगढ़। ईद के मौके पर गले मिलकर मुबारकबाद देते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की सभी मस्जिदों में सोमवार को ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी गई। इस दौरान देश की खुशहाली की कामना की गई। साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई भी दी। सोमवार को तेज धूप के बावजूद छोटे-छोटे बच्चों ने मस्जिद जाकर नमाज अदा की।

सोमवार को ईद-उल-अहजा के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ झज्जर रोड स्थित मंजूर नगर मस्जिद तथा आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र स्थित मस्जिद में रही। ईद की नमाज तमाम मस्जिदों में अलग-अलग समय पर अदा की गई। स्थानीय मस्जिदों में हजारों नमाजी नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज के बाद मुल्क में अमन, चैन के साथ सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने और कुर्बानी को कुबूल करने की दुआ मांगी गई। इसके बाद मुस्लिम घरों में खुदा की राह में कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ। खासतौर पर बच्चों में पर्व का उत्साह देखते ही बना, नए परिधानों में सजे मुस्लिम भाइयों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। वहीं इंटरनेट मीडिया पर भी ईद की बधाई देने का दौर जारी रहा। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष असलम खान ने बताया कि हजरत इब्राहीम द्वारा अल्लाह की राह में कुर्बानी के लिए अपने इकलौते बेटे हजरत इस्माइल को पेश कर देने की यादगार ईद-उल-अजहा के रूप में मनाया जाता है। कुर्बानी इस्लाम का एक महत्वपूर्ण फरीजा है।

## दस वर्ष पुराने आधार कार्ड अपडेशन की तारीख 14 सिंतबर तक बढ़ाई

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि यूआईडीएआई ने जनहित में दस वर्ष पुराने आधार कार्ड के निशुल्क अपडेट करने की तिथि बढ़ाकर 14 सितंबर 2024 कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से आहवान किया कि 14 जून तक अपने 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड ऑनलाइन अपडेट जरूर करें ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या न आए।

# कंट्रोल एरिया के डी नोटिफिकेशन की उठी मांग

- जिला स्तर पर बनाई जाएगी संघर्ष कमेटी

**झज्जर।** एनसीआर क्षेत्र के तहत जिले के कंट्रोल एरिए को डी नोटिफिकेशन करने की मांग झज्जर को-ऑपरेटिव बैंक के पूर्व चेयरमैन एडवोकेट अजय अहलावत द्वारा उठाई गई है। सोमवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एडवोकेट अजय अहलावत ने कंट्रोल एरिए को डी नोटिफिकेशन करने के लिए एक संघर्ष समिति बनाए जाने की बात कही। वह इस मुहिम में अकेले नहीं है बल्कि शहर व गांव के काफी संख्या में लोग शामिल है। सभी का यही कहना है कि जमीन हमारी और कंट्रोल सरकार का, यह आखिर कब तक चलेगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि फ्री भूमि अभियान के तहत जिस भूमि को वर्तमान में सरकार नियंत्रित कर रही है उसे टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग द्वारा अधिसूचित कंट्रोल एरिए से मुक्त किया जाए। कारण कि कंट्रोल एरिया होने की वजह से जहां आम आदमी की जमीन की कीमत कम होती जा रही है वहीं हमारे क्षेत्र में बेरोजगारों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। हम चाहकर भी अपनी जमीन में अपने अनुसार कोई काम धंधा नहीं कर सकते। कंट्रोल एरिया होने की वजह से उद्योगपति भी अपना उद्योग यहां नहीं लगाना चाहते। उनका भी यहीं कहना है कि कंट्रोल एरिया में जहां उनकी लागत कई गुणा बढ़ जाती है वहीं कागजी कार्यवाई भी बहुत जटिल हो जाती है। ऐसे में उनका यहां पर अपने उद्योग लगाना संभव नहीं है। उन्होंने सरकार से उनकी मांग का पूरा करने की गुहार लगाई और साथ हीं आमजन से भी उनकी मुहिम में जुड़ने की अपील की गई। यदि सरकार उनकी मांग को पूरा नहीं करती है तो फिर आने वाले दिनों में धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे और ज्ञापन भी सौंपे जाएंगे।



## फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**बहादुरगढ़।** गांव सोलधा में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा मानसिक परेशानी से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। सदर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मामले में 174 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा। मृतक की पहचान करीब 31 वर्षय सुमित के रूप में हुई है। रविवार की शाम को सुमित का बड़ा भाई सुरेश बहादुरगढ़ में दूध सप्लाई करने गया था। पीछे से वह घर पर अकेला था। रात करीब दस बजे सुरेश घर पर आया तो एक कमरा बंद था। सुरेश ने इधर-उधर देखा लेकिन सुमित नजर नहीं आया। इसके बाद बंद कमरे को जैसे-तैसे खोला तो अंदर सुमित फंदे पर लटका हुआ मिला था। जब तक उसे संभाला जाता देर हो चुकी थी। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया गया। सोमवार को परिजनों के बयान के बाद पोस्टमार्टम करा दिया गया। परिजनों ने किसी तरह की आशंका नहीं जताई है। बताते हैं कि सुमित पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। संभवतः इसी कारण उसने यह कदम उठा लिया। बाकी पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## पिछले विधानसभा चुनावों के मुकाबले कांग्रेस को इस बार लोकसभा चुनाव में भारी अंतर से मिली है चारों सीटों पर जीत

# लोस वाला प्रदर्शन विस में भी दोहराना कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती

रवींद्र राठी ⏭ बहादुरगढ़

लोकसभा चुनावों के परिणाम से उत्साहित कांग्रेस की नजर अभी से अगले विधानसभा चुनाव पर हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने '72 प्लस' के नारे के साथ विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भी कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि यह शुरुआत है और असली लड़ाई आगे है। बैठना, रुकना, झुकना नहीं है। आगे बढ़ते जाना है और अपना लक्ष्य हासिल करना है। झज्जर जिले की बात करें तो कांग्रेस के सामने अपने वर्तमान जनाधार को बचाए रखने की भी बड़ी चुनौती है।

भविष्य के लिए लोकसभा चुनावों के नतीजों में काफी कुछ छुपा है। कांग्रेस खुश है कि प्रदेश की 10 में से 5 सीटें जीती हैं। इससे भी बढ़कर इसलिए कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र की सभी 9 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है। झज्जर जिले में चारों विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस ने भारी अंतर से बढ़त ली। कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा ने बेरी से 55 हजार 644, बादली से 46 हजार 948, झज्जर से 43 हजार 385 तथा बहादुरगढ़ से 22 हजार 40 वोटों से भाजपा को पछाड़ा। जबकि अक्टूबर-2019 में हुए विधानसभा चुनाव में बेरी से डॉ. रघुवीर सिंह कादियान 12 हजार 952, बादली से कुलदीप वत्स 11 हजार 245, झज्जर से गीता भुक्कल 14 हजार 999 और बहादुरगढ़ से राजेंद्र जून 15 हजार 491 वोटों से जीते थे।



बहादुरगढ़। एक कार्यक्रम में झज्जर जिले के चारों विधायकों के साथ दीपेंद्र हुड्डा। फोटो: हरिभूमि

भाजपा में भारी चिंता हैं, क्योंकि ग्रामीण इलाके में बुरी तरह पिछड़ने के बाद उसने शहरी इलाके में भी बढ़त गंवा दी है। दरअसल, चुनाव की शुरुआत से ही भाजपा के नेता से लेकर कार्यकर्ता ओवरकॉन्फिडेंस में रहे। करीब 10 साल पहले हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा जिले में दो सीटों, बहादुरगढ़ व बादली में कमल खिलाने में सफल रही थी। फिर 2019 के लोकसभा चुनावों में भी भाजपा बहादुरगढ़ सीट पर बढ़त बनाने में कामयाब हुई थी। लेकिन उसी साल लोकसभा चुनावों में चारों सीटों पर 11 से साढ़े 15 हजार के अंतर से हार हुई। अब लोकसभा चुनाव के दौरान चारों हलकों में यह हार का अंतर बढ़कर 22 हजार से साढ़े 55 हजार हो गया है। भाजपा के नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं में भी निराशा साफ देखी जा रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ के गृह जिले झज्जर में पार्टी के बुरी तरह चुनाव हारने और भारी अंतर से सारी सीटें गंवाने से सवाल उठने तय है। लेकिन जानकारों की मानें तो भाजपा ने स्थानीय मुद्दों को नजरअंदाज किया और राष्ट्रीय मुद्दों के भरोसे रही। भाजपा के प्रति एंटी इंकम्बेंसी भी थी। वे पूरी तरह प्रधानमंत्री मोदी और धर्म के सहारे ही थे। यहां के जातिगत समीकरण को समझ कर सुलझाने की बजाय कई नेताओं ने धुरवीकरण का प्रयास किया। जिससे राजनीतिक समीकरण बिगड़ गए। भाजपा के लिए जाट नेताओं की अवहेलना घातक बन गया। अलग-अलग इलाकों में पूरा चुनाव जाति केंद्रित हो गया। इस बात को समझकर डैमेज कंट्रोल करने वाले वरिष्ठ नेताओं के अभाव में छुटभैयों ने इस आग को और भड़का दिया। इस कारण भी भाजपा प्रत्याशी भारी अंतर से हारे।

कांग्रेस ने तमाम मतभेदों को ग्राउंड पर हावी नहीं होने दिया और मिलकर चुनाव लड़ा। गत चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस की बुजुर्ग पीढ़ी नदारद नजर आई। प्रचार की कमान दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में पूरी तरह नई पीढ़ी ने संभाल रखी थी। दीपेंद्र ने सभी नकारात्मक छवि के नेताओं को अपने से दूर रखा। अंदरखाने भाजपा के साथ गलबहियां करने वाले गद्दार चुनाव प्रचार में दीपेंद्र के साथ नहीं दिखे। जिससे जनता में दीपेंद्र की स्वीकार्यता बढ़ी। लगभग हर सीट पर वोट बैंक जातियों में बंटा दिखाई दे रहा था।

दीपेंद्र ने इसे बखूबी साधा। उन्होंने जनता से जुड़े मुद्दे उठाए, विकास पर चर्चा करते हुए जनता की जरूरतों पर संवाद किया। कांग्रेस नेताओं ने पूरे कॉन्फिडेंस से चुनाव लड़ा। फलस्वरूप भाजपा का झज्जर जिले से सूपड़ा साफ हो गया।